दिनांक : 18.12.2024 समय : 02.10चउ

आकाशवाणी मध्यप्रदेष से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

विपक्षी सरकार-अंबेडकर

राज्यसभा में कल अपने भाषण के दौरान गृह मंत्री अमित शाह द्वारा डॉ. बीआर आम्बेडकर पर की गई टिप्पणी के खिलाफ विपक्षी दलों ने आज संसद भवन परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेसए डीएमकेए राजदए आम आदमी पार्टी और अन्य दलों के सदस्य इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। इसके पहले ससंद में भी यह मुद्दा छाया रहा । विपक्ष के आरोपों को लेकर हुए शोर.शराबे के कारण दोनों सदनों की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक स्थगित कर दी गई ।

....

खेल प्रतिभाओं का सम्मान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आज तात्या टोपे खेल स्टेडियम में मुख्यमंत्री जनकल्याण पर्व के उपलक्ष्य में 'खेल प्रतिभाओं का सम्मान एवं प्रोत्साहन समारोह' का आयोजन किया गया। कार्यकम की अध्यक्षता खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने की। इस मौके पर प्रदेश के प्रतिभावान खिलाड़ियों को 1 करोड़ 13 लाख से अधिक राशि के पुरस्कार प्रदान किए गए। श्री सारंग ने कहा कि प्रदेश सरकार का पिछला एक वर्ष उपलब्धियों से भरा रहा है मुख्यम्ंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने विकास का एक नया दृष्टिकोण पेश किया है। उन्होंने कहा कि सभी महापुरूषों ने खेल को महत्वपूर्ण बताया है।

....

मुख्यमंत्री जबलपुर

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज जबलपुर में बार एसोसिएशन के कार्यक्रम में शामिल होंगे। साथ ही मुख्यमंत्री प्रदेश की सबसे बड़ी गोशाला का भूमिपूजन भी करेंगे। शाम साढ़े सात बजे तिलवारा स्थित में बार एसोसिएशन के सदस्य चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैथ के साथ कार्यक्रम में शामिल होंगे। उमरिया गांव में प्रदेश की सबसे बड़ी गोशाला बन रही है। मुख्यमंत्री इस गोशाला का भूमि पूजन भी करेंगे। 40 करोड़ रुपए की लागत से यह गोशाला तैयार की जा रही हैए जिसमें 6 हजार से अधिक गो वंश को एक साथ रखने की व्यवस्था होगी।

....

अश्विन- सन्यास

भारत के ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। उन्होंने आज आस्ट्रेलिया के ब्रिस्बन में तीसरे टेस्ट मैच की समाप्ती के बाद यह जानकारी दी। अश्विन भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट क्रिकेट में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। अश्विन ने 106 टेस्ट मैचों में 537 विकेट लिए। उनके नाम टेस्ट क्रिकेट में छह शतक भी हैं। वे टी20 टूर्नामेंट में खेलना जारी रखेंगे। इससे पहले आस्ट्रेलिया के ब्रिस्बन में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का तीसरा टेस्ट मैच बारिश के कारण ड्रॉ पर समाप्त हुआ। खेल रोके जाने तक भारत ने अपनी दूसरी पारी में बिना विकेट गवाए 8 रन बना लिए थे। उस समय भारत को जीत के लिए 267 रन की आवश्यकता थीए लेकिन खराब मौसम के कारण मैच का निर्णायक परिणाम नहीं आ सका।

....

मौसम

प्रदेश के कुछ जिलों सर्दी से राहत मिलती दिख रही है। भोपाल, इन्दौर , उज्जैन जिलों में अधिकतम तापमान में बढ़ौतारी हुई है। वहीं जबलपुर, मंडला,सिवनी, छतरपुर जिलों में शीतलहर का प्रभाव बना हुआ है। प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान पचमढ़ी में 2 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भोपाल में न्यूनतम तापमान 6 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने आज ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी जिलों के लिए कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले चार दिनों तक प्रदेश में ठंड से राहत रहेगी। नर्मदापुरम में कड़ाके की ठंड का दौर जारी है। यहां जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। हिल–स्टेशन पचमढ़ी में चंपक लेक सहित पहाड़ी और मैदान में बर्फ जम गई है। बुरहानपुर में कड़कड़ाती ठंड अपना असर दिखा रही है। जिसका बुरा असर फसलों पर भी पडने लगा है। जिसके कारण हल्दी की खेती काफी प्रभावित हो रही है।

....

अब कुछ समाचार संक्षेप में ...

- भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय युवा उत्सव का आयोजन नईदिल्ली में 12 से 16 जनवरी किया जा रहा है। इसी संदर्भ में आगरमालवा जिले में आज से 26 दिसम्बर तक जिला स्तर पर 6 विधाओं में प्रतियोगिता आयोजित की जावेगी।
- पार्वती-कालीसिंध-चंबल और केन-बेतवा लिंक परियोजना के प्रचार प्रसार और जल संरक्षण के महत्व पर संदेश देने के लिए कल शिवपुरी में एक साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इसमें युवा खिलाड़ियोंए स्कूली छात्र-छात्राओं के अलावा शहर के नागरिकों ने भाग लिया।

- नर्मदापुरम के माखननगर माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया। महाविद्यालय में गणित विषय और महान वैज्ञानिक रामानुजन के जीवन पर आधारित साप्ताहिक गतिविधियां आज से 23 दिसम्बर तक आयोजित की जा रही हैं।
- शहडोल जिले में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी जारी है। जिले में अब तक 7479 किसानों से 49ए826 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है।

....